समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# सिवनी मे प्रंधानमंत्री सूर्य घर योजना का जागरूकता शिविर संपन्न

Awas Kaiwart

Published on 04 Feb 2026



**प्रयास कैवर्त |मरवाही | समाचार वाणी न्यूज़**

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी **प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना** के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी में **एक दिवसीय जागरूकता एवं पंजीयन शिविर** का सफल आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को **सौर ऊर्जा के लाभों** से अवगत कराना तथा **स्वच्छ, सस्ती और आत्मनिर्भर ऊर्जा** की दिशा में प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपभोक्ताओं ने सहभागिता कर योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम की **मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सिवनी की सरपंच श्रीमती रचना कंवर** रहीं। **विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपसरपंच श्री संजय गुप्ता** उपस्थित रहे, जबकि **जनपद सदस्य श्री द्वारे लाल केवट** ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर **पत्रकार प्रयास कैवर्त** की गरिमामयी उपस्थिति भी रही।

शिविर के दौरान योजना की विस्तृत जानकारी **जफर मालिक, सहायक अभियंता (मरवाही)** एवं **अमित कुमार, कनिष्ठ अभियंता (सिवनी)** द्वारा दी गई। अधिकारियों ने बताया कि योजना के तहत पात्र उपभोक्ताओं को अपने घरों की छत पर **सोलर रूफटॉप सिस्टम** स्थापित करने पर **केंद्रं सरकार द्वारा सब्सिडी** प्रदान की जा रही है। इससे बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आएगी और कई मामलों में **बिजली बिल शून्य** तक हो सकता है। साथ ही अतिरिक्त बिजली उत्पादन होने पर उसे **ग्रिड मे भेजकर आय अर्जित** करने का भी प्रावधान है।

कार्यक्रम के दौरान योजना का सफलतापूर्वक लाभ लेने वाले उपभोक्ताओं को **प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित** किया गया। मुख्य अतिथि **रचना कंवर** ने कहा कि सौर ऊर्जा अपनाना समय की आवश्यकता है, जो **पर्यावरण संरक्षण** के साथ-साथ **आर्थिक रूप से भी लाभकारी** है। **संजय गुप्ता** ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में योजना से जुड़ने की अपील की।

**जनपद सदस्य द्वारे लाल केवट** ने कहा कि यह योजना गांवों को **ऊर्जा आत्मनिर्भर** बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने नागरिकों से **स्वच्छ ऊर्जा अपनाने** और प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना का

अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। आयोजकों ने विश्वास जताया कि यह योजना भविष्य में **हरित ऊर्जा क्रांति** का मजबूत आधार बनेगी।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Awas Kaiwart, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.